भारत सरकार
जनजातीय कार्य मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 994
उत्तर देने की तारीख: 05.02.2026

ईएमआरएस में रोजगार

994. डॉ. मन्ना लाल रावतः

क्या जनजातीय कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों (ईएमआरएस) में भर्ती किए गए शिक्षकों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है। और उनमें से भर्ती की गई महिला शिक्षकों की कुल संख्या का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) इन शिक्षकों की सेवा शर्तों का निर्धारण करने वाली संस्था / प्राधिकरण का ब्यौरा क्या है;

(ग) उस शिक्षा बोर्ड का ब्यौरा क्या है जिससे ईएमआरएस संबद्ध हैं और इन विद्यालयों के अब तक के विस्तृत परिणाम / कार्य-निष्पादन का ब्यौरा क्या है;

(घ) उक्त विद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले पाठ्यक्रम और सह-पाठ्यक्रम कार्यकलापों का ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या उक्त विद्यालयों में छात्रों को योग की शिक्षा भी दी जाती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(च) क्या उक्त विद्यालयों में सिकल सेल एनीमिया जैसी बीमारियों की जांच / परीक्षण के लिए कोई प्रणाली है और यदि हां, तो तत्संबंधी रूपरेखा, संसाधन और संचालन के तरीके का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

जनजातीय कार्य राज्यमंत्री
(श्री दुर्गादास उइके)

(क) ईएसएसई-2023 के माध्यम से कुल 7083 शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती की गई, जिनमें से 2765 महिला शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती की गई है। भर्ती की गई महिला शिक्षकों की कुल संख्या का राज्य-वार और जिला-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ख) शिक्षकों और अन्य कर्मचारियों के लिए सेवा शर्तें राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति (एनईएसटीएस) के शासी निकाय द्वारा निर्धारित की जाती हैं।

(ग) 499 कार्यरत ईएमआरएस में से 458 ईएमआरएस केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) से संबद्ध हैं। शेष विद्यालय विशेष रूप से बिहार, नागालैंड, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में संबंधित राज्य बोर्डों से संबद्ध हैं।

संबंधित राज्यों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, 2024-25 के दौरान, ईएमआरएस के छात्रों का कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण प्रतिशत 89% और कक्षा 12वीं में 85% रहा। 129 ईएमआरएस स्कूलों ने कक्षा 10वीं में 100% परिणाम प्राप्त किया है और 72 ईएमआरएस स्कूलों ने कक्षा 12वीं में 100% परिणाम प्राप्त किया है। इसी वर्ष, 219 ईएमआरएस छात्रों ने आईआईटी-जेईई (मुख्य) परीक्षा उत्तीर्ण की, 34 छात्रों ने आईआईटी-जेईई (उन्नत) परीक्षा उत्तीर्ण की और 344 छात्रों ने एनईईटी परीक्षा उत्तीर्ण की।

(घ) ईएमआरएस विभिन्न पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं, जिनमें जयकर (जेएवाईएकेएआर) कार्यक्रम भी शामिल है, जिसे ईएमआरएस के छात्रों के बीच अंतरिक्ष शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के सहयोग से शुरू किया गया था। विभिन्न राज्यों में स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों के माध्यम से आईआईटी-जेईई और एनईईटी की तैयारी पर केंद्रित प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। व्यावहारिक शिक्षा के लिए एसटीईएम किट, एआई मॉड्यूल, इलेक्ट्रॉनिक्स और 3डी प्रिंटर से सुसज्जित 26 अटल टिंकरिंग लैब स्थापित किए गए हैं। अमेज़न फ्यूचर इंजीनियर प्रोग्राम के माध्यम से संरचित एआई और कोडिंग पाठ्यक्रम लागू किए गए हैं। कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) और राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) के सहयोग से, एनईएसटीएस ने संकल्प परियोजना के तहत 200 ईएमआरएस परिसरों में 400 कौशल प्रयोगशालाएं स्थापित की हैं। ये प्रयोगशालाएँ अत्याधुनिक उपकरणों और प्रौद्योगिकी से सुसज्जित हैं, जो रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, बढ़ईगिरी और डिजिटल निर्माण जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्रदान करती हैं। व्यावहारिक शिक्षण का वातावरण छात्रों में रचनात्मकता, नवाचार और उद्यमशीलता की मानसिकता को प्रोत्साहित करता है।

इन विद्यालयों में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, दृढ़ता और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए समय-समय पर विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियाँ/पहल चलाई गई हैं। इनमें पर्वतारोहण और साहसिक पाठ्यक्रम, राष्ट्रीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक महोत्सव और कला उत्सव, राष्ट्रीय स्तर की जीआई-टैग वाली जनजातीय कला कार्यशाला और प्रदर्शनी, ईएमआरएस राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता, राष्ट्रीय स्तर की शारीरिक शिक्षा एवं योग ओलंपियाड, "एक पेड़ माँ के नाम" आदि शामिल हैं।

(ङ) पूरे भारत में 34 शिक्षा संस्थानों ने योग को एक कौशल विषय के रूप में चुना है। इसके अतिरिक्त, छात्रों के समग्र विकास के लिए शारीरिक तंदुरुस्ती और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु सुबह और शाम की सभाओं में आयोजित संरचित सत्रों के साथ योग नियमित आधार पर शारीरिक गतिविधि का एक अनिवार्य हिस्सा है।

(च) एनईएसटीएस ने सभी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र ईएमआरएस सोसाइटियों को ईएमआरएस छात्रों की सिकल सेल रोग के लिए 100% जांच कराने के निर्देश जारी किए हैं। यह जांच जिला प्रशासन/जिला कलेक्टरों के समन्वय से और जिला स्तर पर मौजूद सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाते हुए की जाएगी। यह जांच राज्य/संघ राज्यक्षेत्र सरकारों और जिला स्वास्थ्य तंत्र के सहयोग से की जाती है। इसका उद्देश्य जहां भी आवश्यक हो, शीघ्र पहचान और समय पर चिकित्सा सहायता प्रदान करना है। अनुवर्ती कार्रवाई और उनका चिकित्सा प्रबंधन संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र के स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाता है।

अनुलग्नक

“ईएमआरएस में रोजगार” के संबंध में डॉ. मन्ना लाल रावत द्वारा दिनांक 05.02.2026 को पूछे जाने वाले लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 994 के भाग (क) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक।

राज्य-वार और जिला-वार उनमें से भर्ती की गई महिला शिक्षकों की कुल संख्या का विवरण।

| क्र.सं. | राज्य और जिला | महिला शिक्षण स्टाफ की संख्या |
|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | |
| | अल्लूरी सीतारामा राजू | 48 |
| | एलुरु | 4 |
| | मन्यम पार्वतीपुरम | 31 |
| | प्रकाशम | 2 |
| | एसपीएस नेल्लोर | 4 |
| | श्रीकाकुलम | 6 |
| | तिरुपति | 8 |
| 2 | छत्तीसगढ़ | |
| | बालोद | 7 |
| | बलौदाबाजार | 10 |
| | बलरामपुर | 43 |
| | बस्तर | 44 |
| | बीजापुर | 33 |
| | दंतेवाड़ा | 30 |
| | धमतरी | 12 |
| | गरियाबंद | 17 |
| | गौरेला पेंड्रा मरवाही | 26 |
| | जांजगीर चांपा | 10 |
| | जशपुर | 29 |
| | कबीरधाम | 6 |
| | कांकेर | 35 |
| | कोंडागांव | 38 |
| | कोरबा | 23 |
| | कोरिया | 25 |
| | महासमुंद | 10 |
| | मुंगेली | 7 |
| | नारायणपुर | 20 |
| | रायगढ़ | 29 |
| | राजनंदगांव | 21 |
| | सुकमा | 34 |

| | | |
|---|---|---|
| | सूरजपुर | 27 |
| | सरगुजा | 26 |
| 3 | दादरा और नागर हवेली एवं दमन और दीव | |
| | दादरा और नागर हवेली | 9 |
| 4 | गुजरात | |
| | अरवल्ली | 9 |
| | बनास कंथा | 21 |
| | भरूच | 13 |
| | छोटा उदेपुर | 20 |
| | दाहोद | 18 |
| | महिसागर | 17 |
| | नर्मदा | 18 |
| | नवसारी | 1 |
| | साबर कंथा | 12 |
| | सूरत | 12 |
| | तापी | 6 |
| | डांग्स | 5 |
| | वडोदरा | 8 |
| | वलसाड | 2 |
| 5 | हिमाचल प्रदेश | |
| | चंबा | 9 |
| | किन्नौर | 5 |
| | लाहौल और स्पीति | 3 |
| 6 | जम्मू और कश्मीर | |
| | अनंतनाग | 5 |
| | बांदीपुरा | 4 |
| | कुलगाम | 2 |
| | पूंछ | 3 |
| | राजौरी | 2 |
| 7 | झारखंड | |
| | चतरा | 5 |
| | धनबाद | 3 |
| | दुमका | 4 |
| | पूर्वी सिंहभूम | 6 |
| | गढ़वा | 1 |
| | गिरिडीह | 3 |
| | गुमला | 4 |
| | जामताड़ा | 2 |
| | खूंटी | 3 |

| | | |
|---|---|---|
| | लातेहार | 3 |
| | लोहरदगा | 3 |
| | पाकुर | 5 |
| | पलामू | 2 |
| | रांची | 9 |
| | सरायकेला खरसावां | 1 |
| | पश्चिमी सिंहभूम | 6 |
| 8 | कर्नाटक | |
| | बल्लारी | 8 |
| | बेलगावी | 11 |
| | चामराजनगर | 4 |
| | चिक्कामगलुरु | 14 |
| | चित्रदुर्ग | 9 |
| | कलबुर्गी | 11 |
| | कोडागू | 13 |
| | कोलार | 8 |
| | मैसूर | 6 |
| | रायचूर | 9 |
| | तुमकुरु | 6 |
| | यादगीर | 3 |
| 9 | केरल | |
| | इडुक्की | 1 |
| | कासरगोड | 2 |
| | वायनाड | 1 |
| 10 | मध्य प्रदेश | |
| | अलीराजपुर | 59 |
| | अनुपपुर | 12 |
| | बालाघाट | 34 |
| | बड़वानी | 53 |
| | बेतुल | 36 |
| | भोपाल | 14 |
| | बुरहानपुर | 15 |
| | छिंदवाड़ा | 39 |
| | धार | 54 |
| | डिंडोरी | 51 |
| | गुना | 14 |
| | हरदा | 10 |
| | होशंगाबाद | 10 |
| | इंदौर | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| | जबलपुर | 37 |
| | झाबुआ | 51 |
| | खंडवा | 11 |
| | खरगोन | 25 |
| | मंडला | 43 |
| | रतलाम | 15 |
| | सतना | 17 |
| | सीहोर | 3 |
| | सिवनी | 3 |
| | शाहडोल | 26 |
| | श्योपुर | 10 |
| | सीधी | 9 |
| | सिंगरौली | 10 |
| | उमरिया | 11 |
| 11 | महाराष्ट्र | |
| | अहमदनगर | 5 |
| | अमरावती | 9 |
| | चंद्रपुर | 4 |
| | धुले | 14 |
| | गढ़चिरोली | 27 |
| | गोंदिया | 5 |
| | नागपुर | 3 |
| | नांदेड़ | 8 |
| | नंदुरबार | 26 |
| | नासिक | 35 |
| | पालघर | 26 |
| | थाणे | 7 |
| | यवतमाल | 6 |
| 12 | मणिपुर | |
| | चुराचांदपुर | 3 |
| 13 | मिजोरम | |
| | लॉन्गत्लाई | 1 |
| | लुंगलेई | 5 |
| | चम्फाई | 3 |
| | सेरछिप | 4 |
| | सीअहा | 4 |
| 14 | ओडिशा | |
| | बलांगीर | 7 |
| | बालासोर | 7 |

| | | |
|---|---|---|
| | देवगढ़ | 5 |
| | गजपति | 7 |
| | जाजापुर | 3 |
| | झारसुगुड़ा | 7 |
| | कालाहांडी | 9 |
| | कंधमाल | 9 |
| | केंदुझर | 10 |
| | कोरापाट | 16 |
| | मल्कानगिरी | 11 |
| | मयूरभंज | 34 |
| | नबरंगपुर | 8 |
| | नुआपाड़ा | 3 |
| | रायगढ़ | 16 |
| | संबलपुर | 9 |
| | सुंदरगढ़ | 21 |
| 15 | राजस्थान | |
| | अलवर | 21 |
| | बांसवाड़ा | 76 |
| | बारां | 15 |
| | डूंगरपुर | 41 |
| | जयपुर | 15 |
| | करौली | 10 |
| | प्रतापगढ़ | 53 |
| | सवाई माधोपुर | 14 |
| | सिरोही | 16 |
| | टोंक | 11 |
| | उदयपुर | 95 |
| 16 | सिक्किम | |
| | ग्याल्शिंग | 3 |
| | मंगम | 3 |
| | नामची | 1 |
| | पाक्योंग | 1 |
| 17 | तेलंगाना | |
| | आदिलाबाद | 13 |
| | भद्राद्रि कोठागुडेम | 41 |
| | कामारेड्डी | 8 |
| | खम्मम | 5 |
| | कोमाराम भीम आसिफाबाद | 7 |
| | महबूबाबाद | 33 |

| | | |
|---|---|---|
| | महबूबनगर | 4 |
| | नगरकुरनूल | 10 |
| | निजामाबाद | 5 |
| | राजन्ना सिरसिला | 13 |
| 18 | त्रिपुरा | |
| | धलाई | 16 |
| | गोमती | 29 |
| | खोवाई | 28 |
| | सिपाहीजाला | 13 |
| | ऊनाकोटि | 6 |
| | पश्चिम त्रिपुरा | 4 |
| 19 | उत्तर प्रदेश | |
| | बहराइच | 11 |
| | खेरी | 7 |
| | सोनभद्र | 3 |
| 20 | उत्तराखंड | |
| | देहरादून | 18 |
| | उधम सिंह नगर | 12 |

*****